विभागीय लेखाविधि प्रणाली के संबंध में रिपोर्ट

3702. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा भूतपूर्व सचिव, श्री एस० बी० लाल की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था जिसे विभागीय लेखाविधि प्रणाली को प्रभावी, पारदर्शी तथा क्रियाशील बनाने के लिए सुझाव देने का दायित्व सौंपा गया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि उक्त समिति ने अगस्त, 1990 में सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी थी ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने उक्त समिति द्वारा दी गई सिफारिश को कार्यान्वित करने हेतु, अभी तक कोई कार्यवाही की है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा वे कौन-कौन सी सिफारिशें हैं जिन्हें सरकार ने पूरी तरह अस्वीकार कर दिया है और उन्हें अस्वीकार करने के क्या कारण हैं ;

(ङ) क्या सरकार ने समिति द्वारा दी गई इस सिफारिश को भी अस्वीकार कर दिया है कि सरकारी विभागों के प्रमुख वित्तीय तथा लेखाविधि पदों पर वित्तीय विशेषज्ञों की नियुक्ति होनी चाहिए ; और

(च) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा उक्त समिति के गठन तथा कार्यकरण पर कुल कितनी धनराशि खर्च की गई ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) भारत सरकार ने (i) आंतरिक लेखा परीक्षा सहित विभागीय लेखाकरण प्रणाली के कार्यकलापों की पुनरीक्षा करने (ii) यह आंकने के लिए कि किस हद तक विभागीय लेखाकारण प्रणाली ने प्रशासनिक ढांचे के साथ समाकलन प्राप्त किया है और (iii) भारतीय सिविल लेखा सेवा सहित सिविल लेखा विभागों की संरचना, भूमिका तथा उनकी सार्थकता की पुनरीक्षा करने के लिए श्री एस० बी० लाल की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी।

(ख) जी, हां।

(ग) समिति की सिफारिशों की जांच की जा रही है।

(घ) और (ङ) इस अवस्था में प्रश्न नहीं उठता।

(च) उपर्युक्त समिति पर किया गया कुल व्यय लगभग 1.25 लाख रुपए था।

Vacant Top Posts in Banks

3703. SHRI TINDIVANAM G. VENKATARAMAN: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) how many vacancies are there to head the top management of various banks in the country as on date;

(b) details of each vacancy and the date on which vacancy has fallen and also the reasons for not filling up each of these vacancies; and

(c) what steps are being taken by Government to fill up the vacancies and by when each vacancy will be filled up?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. ABRAR AHMED): (a) to (c) The